*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 24 फरवरी 2026 मंगलवार

## सम्पादकीय

# शिक्षा में जातिवाद का खतरा

उच्च शिक्षा परिसरों में समता लाने के नाम पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल में जारी दिशा–निर्देशों ने न केवल जाति विमर्श को चर्चा के केंद्र में ला दिया है, बल्कि हिंदू समाज एक बार फिर जातीय खांचों में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास के कारण जाति विभाजन की जो रेखाएं समय के साथ धुंधली पड़ने लगी थीं, वे अब पुनः गहरी होती दिखाई दे रही हैं।

वर्तमान परिस्थितियां मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद उत्पन्न हुए उस दौर की याद दिला रही हैं, जब हिंदू समाज स्पष्ट रूप से विभाजित हो गया था। आज समाज फिर उसी राह पर अग्रसर दिख रहा है। जाति के आधार पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले कुछ दल छात्रों के बीच इस विमर्श को हवा दे रहे हैं, ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। इसके विपरीत, सवर्ण समाज भी अपने हितों की रक्षा के लिए छात्रों को लामबंद करने में पूरी शक्ति से जुटा हुआ है। यदि यूजीसी के इन दिशा–निर्देशों का कोई सर्वसमावेशी और सर्वमान्य हल नहीं खोजा गया, तो इसका सीधा असर भविष्य की राजनीति पर पड़ेगा। इससे न केवल सामाजिक समरसता प्रभावित होगी, बल्कि व्यापक हिंदू एकता का लक्ष्य भी संकट में पड़ सकता है। जहां सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जातिगत विभाजन की दीवारों को कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे पुनः उभारने में सफल रही है। पिछड़ी जातियों के उत्थान के नाम पर जाति विमर्श को सत्ता के केंद्र में लाने का मुख्य श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है। उन्होंने 1990 में चौधरी देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दिया। उस निर्णय ने हिंदू समाज को वैचारिक और सामाजिक स्तर पर बुरी तरह विभाजित कर दिया।

तब मंडल आयोग के विरोध में लगभग समूचा उत्तर भारत सुलग उठा था और सवर्ण समुदाय के युवाओं को अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत होने लगा था। मंडल आयोग द्वारा पैदा की गई इस सामाजिक खाई को बाद की राजनीति ने पाटने के बजाय और अधिक गहरा ही किया है। जब समाज ने सरकारी नौकरियों में पिछड़ों के आरक्षण को धीरे–धीरे स्वीकार करना शुरू किया, तभी वर्ष 2006 में मनमोहन सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों के दाखिले में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रविधान कर दिया।

इस निर्णय के विरोध में छात्र एक बार फिर सड़कों पर उतर आए, जिससे सामाजिक विभाजन की दरारें और चौड़ी हो गईं। आज जब देश इन पुराने संघर्षों की स्मृतियों से उबर ही रहा था, तभी यूजीसी के नए दिशा–निर्देशों ने भारतीय समाज को पुनः एक गहरे अंतर्द्वंद्व और सामाजिक संघर्ष के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। यद्यपि यह संघर्ष अभी सार्वजनिक रूप से सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इस वैचारिक उबाल की चपेट में हैं। वर्तमान में शैक्षणिक परिसर दो स्पष्ट गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं–एक तरफ इस गाइडलाइन के प्रबल समर्थक हैं, तो दूसरी तरफ इसके तीखे विरोधी।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 27 जून, 1961 को सभी मुख्यमंत्रियों के नाम एक विस्तृत पत्र लिखा था। इस पत्र में नेहरू जी ने वर्तमान जाति–आधारित आरक्षण की व्यवस्था को एक प्रकार से नकार दिया था। वे आरक्षण–आधारित विकास के स्थान पर एक श्ज्ञान–केंद्रित समाजश का निर्माण करना चाहते थे। नेहरू जी ने स्पष्ट शब्दों में लिखा थारू ष्मुझे किसी भी रूप में आरक्षण पसंद नहीं है, विशेषकर नौकरियों में आरक्षण। मैं ऐसे किसी भी कदम के विरुद्ध हूं जो अक्षमता को बढ़ावा देता है और हमें औसत दर्जे की ओर ले जाता है।ष

नेहरू का मानना था कि यदि हमें देश को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाना है, तो हमें योग्यता को प्राथमिकता देनी होगी। विडंबना यह है कि यदि यूजीसी की वर्तमान गाइडलाइन का विरोध करने वाले लोग आज पंडित नेहरू के इन शब्दों को दोहराएं, तो उन्हें तुरंत श्सामाजिक न्यायश का विरोधी करार दे दिया जाएगा। यह तथ्य दर्शाता है कि पिछले छह दशकों में भारतीय राजनीति और सामाजिक विमर्श की दिशा कितनी बदल चुकी है। मंडल आयोग के लागू होने के बाद देश में जो राजनीतिक विमर्श स्थापित हुआ, उसमें सवर्ण समाज प्रगति विरोधी कहलाने के भय से एक लंबे समय तक चुप्पी साधे रखी। किंतु बाद के वर्षों में विशेषकर एससी–एसटी कानून के दुरुपयोग और आरक्षण के निरंतर विस्तार ने इस वर्ग के भीतर एक दबाव पैदा किया। राम मंदिर आंदोलन के पश्चात सवर्ण समाज ने जिस तरह एकतरफा भाजपा का दामन थामा था, वह अब इस नई गाइडलाइन से भौंचक्का रह गया है। यही दबाव और विस्मय अब गुस्से में परिवर्तित हो रहा है। सत्ता की बाट जोह रहे विपक्षी दल पर्दे के पीछे से इस असंतोष को हवा तो दे रहे हैं, किंतु वे खुलकर बोलने से बच रहे हैं। उन्हें भय है कि सवर्णों का पक्ष लेने पर कहीं उनका श्पिछड़ा वोट बैंकश न बिदक जाए। भाजपा सरकार और संगठन के शीर्ष नेता इस जातीय विमर्श को ठंडा करने के प्रयासों में जुटे हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान खोजने में जितनी विलंब होगा, जाति विमर्श उतना ही प्रखर होता जाएगा। यदि समय रहते सवर्ण समुदाय का यह गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो आने वाले चुनावों में भाजपा के लिए नई और कठिन चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

# योगी सरकार का जापान में निवेशकों से समझौता



–अजय कुमार–



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल विदेश दौरे पर हैं। उनका यह दौरा 23 फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें योगी को पहले दो दिन सिंगापुर और उसके बाद दो दिन जापान में गुजारना है। इसी क्रम में आज सिंगापुर पहुंचते ही सीएम योगी ने निवेशकों के साथ गहन चर्चा की और जी–टू–बी बैठकों का आयोजन भी किया गया,जिसमें 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई, जहां सीएम ने उत्तर प्रदेश की स्थिर नीतियों, मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर बुनियादी ढांचे की ताकत बताई। पहले ही दिन तीन महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनकी राशि छह हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन समझौतों से शहरी विकास, स्मार्ट शहर परियोजनाएं, जल प्रबंधन और कौशल विकास के क्षेत्रों में प्रगति होगी। सिंगापुर के गृह मंत्री और विदेश मंत्री से उनकी भेंट ने राजनयिक स्तर पर भी मजबूती प्रदान की। उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित कर प्रदेश के अवसरों से अवगत कराया और निवेश का भरोसा जगाया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को निर्माण केंद्र और एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाना था। योगी ने निवेशकों को बताया कि प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली से अनुमोदन प्रक्रिया सरल हो गई है, बिजली–पानी की आपूर्ति निर्बाध है और एक्सप्रेसवे तथा औद्योगिक पार्कों का जाल बिछ चुका है। सिंगापुर जैसे विकसित देश ने हमेशा प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, इसलिए वहां से प्राप्त सहयोग प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। रोड शो के माध्यम से उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित किया और प्रदेश की 36 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का वादा किया। पिछले वैश्विक निवेशक समिट में 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले थे, जिन पर कार्य शुरू हो चुका है, और यह दौरा उसी श्रृंखला का हिस्सा था। सिंगापुर से लौटते हुए योगी ने कहा कि यह यात्रा निवेश की नई लहर लाएगी, जो लाखों नौकरियां पैदा करेगी।

जापान प्रवास के दौरान योगी आदित्यनाथ ने यमनाशानी प्रांत के राज्यपाल से भेंट की और उच्च गति रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। जापान की उन्नत रेल प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश के लिए वरदान साबित हो सकती है, खासकर मगलेव ट्रेन जैसी परियोजनाओं के लिए। उन्होंने वहां भारतीय समुदाय के साथ सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किया और निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला। जापान के निवेशक निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में रुचि दिखा रहे हैं। योगी ने जापानी कंपनियों को प्रदेश के विशाल बाजार और कुशल श्रमिकों के बारे में बताया। इस दौरे से प्राप्त प्रतिबद्धताएं ऊर्जा, परिवहन और तकनीकी क्षेत्रों को मजबूत करेंगी। जापान जैसे देश से निवेश आने से प्रदेश का निर्यात बढ़ेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उत्तर प्रदेश की स्थिति मजबूत होगी। कुल मिलाकर, चार दिनों में हुई बैठकों ने दर्जनों संभावनाएं खोली हैं, जो राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी।

इस यात्रा से उत्तर प्रदेश को निवेश के अलावा अन्य लाभ भी मिले। सिंगापुर से प्राप्त समझौते जल प्रबंधन में नई तकनीक लाएंगे, जो गंगा सफाई और नदी जोड़ परियोजनाओं को गति देंगे। कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी से युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे बेरोजगारी कम होगी। जापान से उच्च गति परिवहन प्रौद्योगिकी हासिल होने से एक्सप्रेसवे और मेट्रो परियोजनाएं तेज होंगी। योगी सरकार ने पहले ही निवेश नीतियों को सरल बनाया है, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हुआ। प्रदेश अब निवेशकों का भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है, जहां भूमि बैंक, सस्ती बिजली और सुरक्षा का वातावरण उपलब्ध है। इस दौरे ने वैश्विक ब्रांडों का विश्वास बढ़ाया, जैसा कि वित्तीय वर्ष में सैकड़ों परियोजनाओं से स्पष्ट है। निवेश से ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग लगेंगे, जिससे प्रवासन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

योगी आदित्यनाथ की यह यात्रा 2017 के म्यांमार दौरे के बाद पहली थी, जो दर्शाता है कि सरकार विदेशी निवेश पर कितना जोर दे रही है। सिंगापुर और जापान जैसे देशों से निवेश आने से प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद बढ़ेगा और एक ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य साकार होगा। निवेशकों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा की, जो योगी के शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यात्रा से लौटकर योगी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और प्राप्त प्रतिबद्धताओं को जमीन पर उतारने के निर्देश दिए। इन निवेशों से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में प्रगति होगी। लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, खासकर लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में। ग्रामीण इलाकों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं लगेंगी, जो किसानों की आय दोगुनी करेंगी। कुल 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गई यात्रा ने सभी क्षेत्रों को कवर किया।

इस दौरे की सफलता से उत्तर प्रदेश वैश्विक पटल पर चमकेगा। निवेश के अलावा सांस्कृतिक आदान–प्रदान बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जापान के राज्यपाल के साथ चर्चा से सांस्कृतिक केंद्र स्थापित हो सकते हैं। सिंगापुर की स्मार्ट सिटी तकनीक से प्रदेश के शहर आधुनिक बनेंगे। योगी ने निवेशकों को आश्वासन दिया कि सभी प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही होगी। यह यात्रा न केवल आर्थिक लाभ देगी, बल्कि राज्य की छवि को नया आयाम भी प्रदान करेगी। भविष्य में ऐसे और दौरे होंगे, जो प्रदेश को भारत का इंजन बनाएंगे। निवेश से उद्योग धंधे लगेंगे, बाजार फूलेंगे और कल्याणकारी योजनाएं मजबूत होंगी। योगी आदित्यनाथ का विजन स्पष्ट है– विकसित उत्तर प्रदेश, जो विश्व गुरु भारत का आधार बने। इस दौरे ने सिद्ध कर दिया कि मेहनत और दूर दृष्टि से असंभव कुछ नहीं। प्रदेशवासी गर्व से कह सकते हैं कि उनका राज्य अब वैश्विक निवेश का केंद्र है।

# हादसे के दोषी भी दंडित हों



–सुरेश सेठ–





देश के सड़क ढांचे का व्यापक विस्तार हुआ है और राजमार्गों का जाल तेजी से फैला है। संकरी और जर्जर सड़कों की जगह अब आधुनिक एवं चौड़ी सड़कों ने ले ली है, जिससे सड़क परिवहन व्यवसायियों और आम नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बन गया है। किन्तु इस विकास के साथ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। शहरों की भीड़भाड़ से दूर बाइपास और खुली सड़कों पर वाहन चालक प्रायः लापरवाही से तेज गति में वाहन चलाते हैं। पर्याप्त निगरानी और यातायात नियंत्रण के अभाव में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

**स्पष्ट है कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही और तेज गति के कारण होती हैं। ऐसी मौतों की आपराधिक जवाबदेही केवल धन–लेनदेन के समझौते के आधार पर समाप्त नहीं की जा सकती। समझौते से एफआईआर रद्द करना तभी संभव है जब वास्तविक पीड़ित की शिकायत शेष न हो। पीड़ित के परिजनों के लिए न्याय सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है।**

स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब चालक नशे की अवस्था में वाहन चलाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन यात्रियों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार एशिया में सपाट और चौड़ी सड़कों पर दुर्घटनाओं की दर चिंताजनक रूप से बढ़ी है। भले ही सड़क सुरक्षा बल की तैनानी और दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की हो, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आई है।

यदि किसी एक चालक की लापरवाही से दूसरे चालक या राहगीर की मृत्यु हो जाती है, तो यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही से हुई मृत्यु का मामला है। ऐसे मामलों में दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। लेकिन अक्सर आर्थिक रूप से संपन्न लोग कई बार कानूनी प्रक्रियाओं में दखल या धनबल के सहारे राहत पा लेते हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 2(एक्स) में 'पीड़ित' की परिभाषा में कानूनी वारिसों को भी शामिल किया गया है। पूर्व में प्रायः ऐसा होता था कि मृतक के वारिस समझौते के तहत मुआवजा स्वीकार कर लेते थे और मामला आगे नहीं बढ़ता था।

फलस्वरूप, आर्थिक क्षतिपूर्ति को ही न्याय का विकल्प मान लिया जाता था। जिस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, उसे प्रत्यक्ष न्याय तो नहीं मिल सकताय अतः उसके परिजनों को धनराशि देकर मामले का पटाक्षेप कर दिया जाता था। क्या केवल आर्थिक मुआवजा किसी जीवन की क्षति की पूर्ति कर सकता है? स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के साथ–साथ दंड प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि कानून का भय और न्याय का विश्वास दोनों कायम रह सकें।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक याचिका पर फैसला दिया है कि सड़कों पर लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना करने वाले माफी के हकदार नहीं। निस्संदेह, मृतक के आश्रितों को कुछ क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए लेकिन यहां तो मौत के जिम्मेदार को ही माफ होने लगी। अदालत ने इस अधिकार रद्द कर दिया है। कुछ अभियुक्तों ने तर्क दिया कि वे केवल अनुबंध पर वाहन चला रहे थे, इसलिए सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं बल्कि वाहन स्वामी की है। इस पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दोष तय करना अदालत का कार्य हैय यह साक्ष्यों के आधार पर ही निर्धारित होगा कि जिम्मेदार कौन है। यदि किसी वाहन स्वामी ने जर्जर वाहन सड़क पर उतारे हों और उनसे दुर्घटना हुई हो, तो जांच उसी अनुरूप की जाएगी।

स्पष्ट है कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही और तेज गति के कारण होती हैं। ऐसी मौतों की आपराधिक जवाबदेही केवल धन–लेनदेन के समझौते के आधार पर समाप्त नहीं की जा सकती। समझौते से एफआईआर रद्द करना तभी संभव है जब वास्तविक पीड़ित की शिकायत शेष न हो। पीड़ित के परिजनों के लिए न्याय सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है।

वर्तमान परिस्थितियों में कठोर दंड की संभावना प्रायः क्षीण प्रतीत होती है। दंड विधान में भी कानूनी छिद्र खोज लेने वाले सामने आ जाते हैं। 'तारीख पर तारीख' की प्रक्रिया लंबी होती रहती है और अभियुक्त जमानत पर बाहर आकर स्वयं को अपराध मुक्त समझने लगते हैं।

इसी व्यवस्था में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने दुर्घटनाओं में अपनी लापरवाही से हुई मौतों के मामलों का समाधान भी अपने तरीके से निकाल लियाकृमुआवजे और समझौतों के माध्यम से। न्याय का सिद्धांत यह है कि अपराधी को दंड मिले और पीड़ित परिवार को न्याय। किसी की मृत्यु के बदले केवल धनबल के आधार पर, वारिसों के हस्ताक्षरों से 'माफी' स्वीकार करवा लेना न्याय की भावना के विपरीत है। यह निर्णय न केवल विधि के शासन को सुदृढ़ करता है, बल्कि लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभकृन्यायपालिकाकृकी गरिमा और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। इसे स्वीकार और लागू करना ही न्यायपूर्ण समाज की दिशा में एक आवश्यक कदम होगा।

इसके अतिरिक्त, प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि सड़कें वर्षों तक मरम्मत की प्रतीक्षा में जर्जर न पड़ी रहें। दुर्घटना–प्रवण ब्लैक स्पॉट्स को शीघ्र सुधारा जाए, चेतावनी संकेत स्पष्ट और बड़े अक्षरों में लगाए जाएँ तथा रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो।

लेखक साहित्यकार हैं।

# वॉशिंगटन में भारतीय हितों की रक्षा के प्रश्न



ज्योति मल्होत्रा





भारत को जरूरत है आसान शर्तों वाले अमेरिकी बाजार की, उन्हें भी हमारी है। बहरहाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कथित तौर पर व्यापार समझौता करवाने व भारत को पैक्स सिलिका में शामिल कराने में भूमिका निभाई। वहीं विदेश मंत्री मार्को रुबियो समझौते का ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैं, जिसमें बाजार खोलने की बात है।

अमेरिका में हमारा आदमी वह नहीं है जिसके बारे में आप अंदाजा लगा सकते हैं, दरअसल, वह उनका सहयोगी है यानि भारत में अमेरिका के राजदूत, सर्जियो गोर। यह शख्स बहुत ज्यादा रोचक है। वे 1986 में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में, बतौर पूर्व सोवियत यूनियन नागरिक पैदा हुए थे (नाम सर्जियो गोरोखोव्स्की रखा गया)य एक दशक के अंदर उनका परिवार अमेरिका चला गया, जहां उन्होंने अपना सरनेम छोटा कर लिया।

उम्र के चालीस साल पूरे करने से पहले ही श्रीमान गोर न केवल दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नजदीकी बने हुए हैं, बल्कि ऐसा लगता है कि व्हाइट हाउस तक पहुंचने वाले रास्ते की मुश्किलें आसान बनाने में वे भारत की हर संभव मदद कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो मेरी बात याद रखिए, अगले गणतंत्र दिवस पर वे एक उच्च पद्म सम्मान के पक्के दावेदार होंगे।

अब श्रीमान गोर की शोहरत का दावा सिर्फ उस धमाकेदार खबर पर नहीं टिका है, जो उन्होंने बीते शुक्रवार दिल्ली में ब्रेक की थी, अर्थात, प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बहुत जल्द भेंट हो सकती है, यह देखते हुए कि ट्रंप ने अभी हाल ही में कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान '11 बहुत महंगे' लड़ाकू जेट मार गिराए गए थे, भारत निश्चित रूप से इस पर नजर रखेगा। माना जाता है कि गोर ने भारत के विरुद्ध अड़ियल रवैया अपनाए बैठे अमेरिकी प्रशासन को अंततः व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाया है – और भारत को 50 फीसदी टैरिफ की मुसीबत से राहत दिलवाई है, भले ही हम 5,000 साल पुरानी सभ्यता के वारिस हैं।

इसके अलावा, कहा जा रहा है कि उन्होंने एआई और महत्वपूर्ण खनिजों के मामले पर भारत को अमेरिका के नेतृत्व वाले वैश्विक संगठन, 'पैक्स सिलिका' में प्रवेश पाने में भी मदद की हैय मत भूलिए कि अमेरिकियों ने दो महीने पहले, दिसंबर में, इसी संगठन में भारत के लिए दरवाजे बंद करवा दिए थे। (तो हृदय परिवर्तन की वजह क्या है?)

अब आप दलील देंगे कि यह सब तो आमतौर पर होता रहता है, कि यह तो गोर का काम है कि वह स्थानीय लोगों, मतलब हम भारतीयों के साथ ,तालमेल बनाकर रखें दृ और यहां पर मैं यह शब्द सोच–समझकर सलाह के रूप में उपयोग कर रही हूं, क्योंकि आपने अब तक वह पढ़ लिया होगा जो गोर के काफी ताकतवर साथी, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक हफ्ते से भी कुछ पहले म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में कहा था। यह भाषण 'ईसाई आस्था' और 'पश्चिमी सभ्यता' जैसे विशेषणों से भरा हुआ थादृ और कक्ष में मौजूद सभी राजनेता, जिनमें से अधिकांश गोरे थे, उन्होंने जोश में तालियां बजाईं। यह और बात है कि इन्हीं में से कई लोग लगातार अलग–अलग रंगों की त्वचा वाले लोगदृ भूरे, काले, पीलेदृ जोकि भारत और चीन जैसे तीसरी दुनिया के देशों में रहते हैं, उनके साथ व्यापार समझौते करने की कोशिशें कर रहे हैं, क्योंकि बाजार वहीं पर हैं। म्यूनिख में रुबियो के अनुसार, 'हमें अपनी राष्ट्रीय सीमाओं पर भी नियंत्रण करना होगा। यह नियंत्रण कि कौन और कितने लोग हमारे देशों में आते हैं, यह कोई जेनोफोबिया (परदेसियों का भय) दिखाना नहीं है। यह नफरत नहीं है। यह राष्ट्रीय प्रभुसत्ता का एक बुनियादी काम है'।

आपको क्यूबाई मूल के अमेरिकी की अमेरिका के झंडे 'स्टार्स एंड स्ट्राइप्स' को लहराने की तीव्र या कुछ हद तक बेताब इच्छा की खातिर अवश्य ही तारीफ करनी होगी, किंतु विडंबना पर ध्यान दें। मार्को का क्यूबाई नागरिकता वाला परिवार उस वक्त तक अमेरिकी नागरिक नहीं बना था, जब 1971 में वे पैदा हुए थे। लेकिन, एक ताकतवर अमेरिकी विदेश मंत्री श्रीमान रुबियो ऐसा रुख अपना रहे हैं जो भविष्य के सुंदर पिचाई जैसों को अमेरिका में पैर जमाने की कोशिश करने में अड़चन बनेगा ( भारत अपने 'सुंदर पिचाइयों' को घर पर ही क्यों नहीं रोककर रख सकता है, यह एक अच्छा और अलग सवाल है)।

फिर मुक्त व्यापार की वह दलील जिसे पश्चिमी जगत सोवियत यूनियन के पतन और शीत युद्ध खत्म होने के बाद से आगे बढ़ा रहा है कृ यह मानना पड़ेगा कि इसी ने भारत को अपनी जटिल नीति में सुधार करने और वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने के लिए मजबूर किया था कृ और दक्षिणी गोलार्ध के मुल्कों ने अपने बाजार खोलने की एवज में, श्रमिकों के मुक्त आवागमन की मांग की थी। अर्थात सबसे काबिल लोगों को उस जगह पर जाने की मुक्त आवाजाही की सहूलियत होनी चाहिए जहां जॉब्स हो य महज पासपोर्ट के रंग के आधार पर उनके साथ भेदभाव न हो। क्योंकि पिछले साल ट्रंप ने मुक्त व्यापार की दलील को निरस्त कर दिया था, अब उनके विदेश मंत्री नए समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप दे रहे हैं कृ हमारे सामान के लिए अपना बाजार खोलो, लेकिन हमसे यह उम्मीद मत रखो कि तुम्हारे लोगों की नौकरियों के लिए हम अपनी अर्थव्यवस्था खोलेंगे।

रुबियो के म्यूनिख वाले भाषण के सबसे खास हिस्से के लिए जरा रुकिए। 'कोलंबस के युग के बाद से, 1945 में पहली बार, पश्चिम सिकुड़ रहा था३ बड़े पश्चिमी साम्राज्य अपने पूर्ण पतन के दौर में पहुंच गए थे, जिसको नास्तिक वामपंथी आंदोलन और औपनिवेशीकरण विरोधियों ने और गति दी और आने वाले सालों में दुनिया के नक्शे के एक बड़े हिस्से को दरांती–हथौड़े वाले लाल झंडे से ढांप दिया'।

रुबियो की बातों से आपको गुस्सा आ सकता हैं, लेकिन बेहतर होगा कि गहरी सांस लेकर सोचें। कम से कम अब हम जानते हैं कि ट्रंप

# दो जांच टीमों के बाद डीएम खुद पहुंची बीएसए दफ्तर, शिक्षक की आत्महत्या से मचा हड़कंप



**संवाददाता–देवरिया।** गौरीबाजार के मदरसन विद्यालय के सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन सिंह की खुदकुशी के बाद से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले का शासन ने संज्ञान ले लिया है। शासन के सख्त होते ही लखनऊ और देवरिया में गठित अलग–अलग दो जांच टीमें सोमवार की सुबह के 10 बजते ही बीएसए कार्यालय पहुंच गईं। टीमों ने जांच शुरू कर दी है। एक–एक बिंदुओं की कमेटी जांच कर रही है। जांच के समय बीएसए शालिनी श्रीवास्तव के भी मौजूद होने की बात कही जा रही है। इन जांच टीमों के बाद देवरिया की डीएम दिव्या मित्तल खुद बीएसए कार्यालय पहुंचीं।

कुशीनगर जिले कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के हरैया बुजुर्ग के रहने वाले कृष्ण मोहन सिंह देवरिया के गौरीबाजार विकास खंड स्थित कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय, मदरसन में सहायक अध्यापक थे। वह गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज में अपने भाई के यहां रहते थे। 20 फरवरी की रात उन्होंने फांसी लगा कर जान दे दी थी। उनकी पत्नी गुड़िया सिंह द्वारा गुलरिहा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक गत 20 फरवरी को उनके कृष्ण मोहन सिंह को बीएसए कार्यालय में बुलाकर अपमानित किया गया और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शाम को घर लौटने पर उन्होंने पूरी घटना बताई। वह अत्यंत व्यथित दिखाई दिए। उसी रात उन्होंने घर के निचले कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह जब वह कमरे में पहुंचीं तो उन्हें फांसी पर लटकते हुए पाया। मोहन सिंह की जेब से चार पेज का सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में गोरखपुर के गुलहरिया थाने में बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, लिपिक संजीव सिंह और एक अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

उधर देवरिया डीएम दिव्या मित्तल ने सीडीओ राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की है। इसके अलावा शासन से स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने भी जेडी पवन सचान की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है। इसमें उप शिक्षा निदेशक संजय कुमार उपाध्याय, संबंधित तहसील के एडीएम और मण्डलीय सहायक शिक्षा अधिकारी हैं। शासन के सख्त होते ही सुबह 10 बजे ही लखनऊ व देवरिया की जांच कमेटी बीएसए कार्यालय पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।

जांच कमेटी में सीडीओ आईएएस राजेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, डीआईओएस शिवनारायन सिंह के अलावा लखनऊ से गठित जांच कमेटी के सदस्य भी मौजूद हैं। जांच शुरू होते ही बीएसए कार्यालय में खलबली मच गई है।

गोरखपुर जनपद में बीएसए व लिपिक व अन्य के विरुद्ध केस दर्ज होने के बाद आजाद हिंद सेना वाहिनी के कार्यकर्ता ऋषि पांडेय के नेतृत्व में सुबह 10 बजे बीएसए कार्यालय कार्यकर्ता पहुंचे। बीएसए की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान इन लोगों ने जम कर नारेबाजी की।

# 14.28 करोड़ का कर्ज न चुकाने पर केपी दाल मिल सील, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई



**संवाददाता–बहराइच।** शहर के दरगाह में स्थित मेसर्स केपी दाल मिल फर्म द्वारा 14.28 करोड़ रुपये की कर्ज अदायगी न करने पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर सोमवार को सील कर दिया गया। नायब तहसीलदार सदर पीपी गिरी की अगुवाई में बैंक, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई को लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। बैंक ने फर्म को कर्ज की रकम अदा करने के लिए डेढ़ माह का समय दिया है, अन्यथा की स्थिति में बैंक प्रापर्टी की नीलामी कर कर्ज अदायगी की कार्रवाई करेगा। मेसर्स केपी दाल मिल फर्म द्वारा वर्ष 2021 में व्यवसाय के लिए बैंक आफ बड़ौदा दरगाह शाखा से यह कर्ज लिया गया था। बताते हैं कि फर्म द्वारा लंबे समय से कर्ज अदायगी न करने पर कई बार नोटिस भेजी गई। इसके बाद भी कर्ज जमा न होने पर बैंक प्रशासन ने अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए वसूली के लिए अपर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। एडीएम कोर्ट से भी फर्म को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा सोमवार को फर्म को सील करने का आदेश जारी किया गया। नायब तहसीलदार की अगुवाई में लखनऊ के मुख्य प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा रितेश कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक वसूली मनोज कुमार झा और गौरव श्रीवास्तव की टीम ने मौके पर पहुंच कर केपी दाल मिल को सील करने की कार्रवाई की। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दरगाह थाने का पुलिस बल मौजूद रहा। नायब तहसीलदार ने बताया कि एडीएम न्यायालय के आदेश पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। बैंक द्वारा फर्म को डेढ़ माह का समय दिया गया है। निर्धारित समय में ऋण अदायगी न होने पर मिल की नीलामी कर वसूली की कार्रवाई होगी।

# तिलक देखने गए बच्चे का दूसरे दिन मिला शव, हत्या का आरोप

**संवाददाता–कुशीनगर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हिरनही बीन टोली निवासी मोहित का सात वर्षीय लड़का अंकुश रविवार रात घर के बगल तिलक देखने के दौरान से गायब हो गया स परिजनों एवं पुलिस के काफी खोजबीन के बाद सोमवार को 16 घंटे बाद उसका शव गांव के खैरा माई स्थान पर बखार के टूटे खोप से ढका मिला स पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स हिरनही के बीन टोली में रविवार को एक व्यक्ति के घर तिलक आया था स उक्त गांव निवासी मोहित बीन परिवार के भरण पोषण के लिए बाहर रहता है स मोहित के चार लड़कियां एवं दो लड़कों में सबसे छोटा 7 वर्षीय लड़का अंकुश भी कुछ बच्चों के साथ शाम सात बजे तिलक देखने गया था स परिजन आश्वत थे कि अंकुश तिलक देख खाना खाकर



वापस आ जाएगा स देर रात तक सब लोगों के चले जाने के बाद भी अंकुश घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई स इस घटना की जानकारी होते ही गांव के लोग भी जुट गए स परिजनों के साथ पुलिस एवं ग्रामीण रातभर बच्चे को खोजते रहे लेकिन कहीं पता नहीं चला स सोमवार सुबह करीब 11 बजे गांव के बच्चे घर से 100 मीटर दूर खैरा माई स्थान पर खेलने पहुंचे स वहां एक बखार के टूटे खोप के नीचे मृत बच्चे को देख शोर मचाया स खबर पाते ही परिजन सहित ग्रामीण पहुंच गए स वहां खोप के नीचे अंकुश का शव पड़ा था स मृतका के मां इंदु देवी ने हत्या का आरोप लगा रही है स उसका कहना था कि बेटे के पीठ पर काला धब्बा था स उसके नाक में रुई लगाई गई थी स इस घटना को लेकर लोग स्तब्ध हैं स परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है स पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया शरीर पर कहीं चोट का निशान दिखाई नहीं दिया स इसकी जाच गंभीरतापूर्वक की जा रही है स पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## 22 साल के कैप्टन की हार्टअटैक से मौत

**संवाददाता–कुशीनगर।** 22 साल के कैप्टन अमन सिंह की जम्मू–कश्मीर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। रविवार को बारामूला में तबीयत बिगड़ने पर उनके साथी उन्हें कंधों पर उठाकर हेलीपैड तक ले गए। हेलीकॉप्टर से उन्हें श्रीनगर लाया गया, लेकिन डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। कैप्टन की एक साल पहले बारामूला में पोस्टिंग हुई थी। वह कुशीनगर की हाटा तहसील के अब्दुल हमीद नगर इलाके के रहने वाले थे। परिवार के इकलौते बेटे थे। सोमवार को कैप्टन का पार्थिव शरीर श्रीनगर से दिल्ली और फिर गोरखपुर एयरपोर्ट लाया गया, जहां फूलों से सजी सेना की गाड़ी में कैप्टन का पार्थिव शरीर कुशीनगर लाया गया। पार्थिव शरीर के घर पहुंचते ही हजारों की संख्या में मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मां विभा और पिता यशवंत और दादी बेइला देवी का रो–रोकर बुरा हाल हो गगा। चचेरी बहन अर्पिता का बार–बार भाई का चेहरा दिखाने के लिए बिलखती रही और मिन्नतें करती रही। सेना के जवान उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। इसके बाद शाम करीब 6 बजे सैन्य सम्मान के साथ अमन का गांव की बाग में कैप्टन अमन का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने बेटे को मुखाग्नि दी। इस दौरान भारता माता की जय और कैप्टन अमन अमर रहें के जयराके लगते रहे।

# ट्राम वे इंजन लखनऊ ले जाने के लिए पहुंचे अधिकारी



**संवाददाता–महराजगंज।** महराजगंज के लक्ष्मीपुर की एतिहासिक धरोहर ट्राम वे इंजन को ले जाने के लिए सोमवार की सुबह अधिकारियों की टीम पहुंच गई।सूचना पर भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ऐतिहासिक धरोहर लोगों के बीच से जाने का गम चेहरे पर साफ झलक रहा था। कुछ दिन पूर्व लोगों ने इसका जमकर विरोध भी किया था। लेकिन अब वह सौ वर्षों पुरानी ऐतिहासिक धरोहर उनके बीच से रुखसत होने लगी है। ब्रिटिश हूकूमत द्वारा स्थापित ट्राम वे परियोजना के दो इंजन यहां से दूर हो रहे हैं। म्यूजिम एवं संचालन की उम्मीद क्षेत्र के लोगों के लिए सपना साबित हो रहा है। रेल प्रशासन द्वारा लगभग एक वर्ष से ट्राम वे को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई चल रही थी। पिछले दिनों इंजन लेने पहुंचे अधिकारियों को लोगों के आक्रोश के कारण बैरंग लौटना पड़ा था। बीते शुक्रवार को लक्ष्मीपुर विकास मंच के पदाधिकारियों के अनुरोध पर नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे डीआरएम से वार्ता की थी, जिस पर वरिष्ठ यांत्रिक इंजीनियर निलेश कुमार शनिवार को पहुंच कर यथास्थिति से अवगत हुए। सोमवार को पुनः रेल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आरपीएफ के जवान इंजन ले जाने वाले वाहन व दो हैड्रा के साथ पहुंचे। वन विभाग के कार्यशाला से इंजन निकाला जाने लगा। इस दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरविंद सिंह, आरपीएफ के मिथिलेश गौतम, चौकी प्रभारी नौतनवां शिवशंकर यादव व वनविभाग के लोग मौजूद रहे।

# विश्व विराट विजय राघव के दर्शन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में स्थित विश्व विराट विजय राघव मंदिर में प्रभु श्रीराम के विराट स्वरूप के दर्शन का विशेष महत्व है। बताया जाता है कि पूरे देश में यह एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान श्रीराम के विराट रूप की प्राण प्रतिष्ठा 2008 में महामंडलेश्वर महंत नरसिंह दास महाराज के संयोजन में हुई थी और प्राण प्रतिष्ठा के समय कई देशों के राजदूत भी अयोध्या पहुंचे थे।विश्व विराट विजय राघव भगवान की स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किए गए। इस अवसर पर भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए तथा विधि–विधान से आरती–पूजन किया गया। उपस्थित संतों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।महामंडलेश्वर महंत नरसिंह दास महाराज ने बताया कि जगत कल्याण और विश्व शांति के उद्देश्य से मंदिर में भगवान के विराट स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कि गई थी। उनके शिष्य महामंडलेश्वर महावीर दास महाराज ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर विश्व विराट विजय राघव सरकार का यह अद्वितीय मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम माता कौशल्या के यहां प्रकट हुए थे और माता ने उनकी स्तुति की थी, उसी विराट स्वरूप का दर्शन मंदिर में होता है। मान्यता है कि इस रूप के दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माता कौशल्या की स्तुति के प्रसंग में भगवान ने विराट रूप से बाल स्वरूप धारण कर धरती पर मर्यादा की स्थापना की और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।इस अवसर पर मंदिर परिसर में खड़ेश्वरी मंदिर के महंत रामप्रकाश दास, महंत नंदराम, महंत मनमोहन दास, महंत रामकुमार दास, प्रभु दास उर्फ मामा दास, स्वामी छविराम दास, नीरज शास्त्री, पार्षद पुजारी रमेश दास, भरत दास, पुजारी मामा दास, जयमंगल दास सहित अनेक संत–महंत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने विश्व विराट विजय राघव सरकार के दर्शन–पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की।

# परिवार की दबंगई के आगे बेबस दिखी पुलिस, दरोगा का कालर पकड़ा, चिल्लाती रहीं महिलाएं

**संवाददाता–देवरिया।** जिले में एक परिवार की दबंगई के आगे पुलिस टीम बेबस नजर आई। इस परिवार के एक सदस्य ने दरोगा का कॉलर पकड़ लिया। सिपाही और अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो ईंट उठा लिया। इस दौरान वहां मौजूद कुछ महिलाएं पुलिस टीम पर लगातार चिल्लाती रहीं। परिवार के अक्रामक तेवर देख पुलिस बैकफुट पर आती दिखी। पता चला कि पुलिस टीम मौके से वापस लौट गई। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मामला देवरिया के मईल थाना क्षेत्र के चकरा गोसाई गांव का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस पंचायत भवन की चहारदीवारी के पास मिट्टी की अवैध कटान रोकने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ने दरोगा का कॉलर पकड़ लिया। पुलिस को शिकायत मिली थी कि आरोपी ने पंचायत भवन की चहारदीवारी से सटाकर मिट्टी काट दी जिससे दीवार ढह गई। आरोपी की जमीन भी पंचायत भवन के बगल में ही है। गांव के पुराने पंचायत भवन में ही चकरा गोसाई पुलिस चौकी भी है। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस टीम में दरोगा के अलावा कुछ सिपाही थे। पुलिस टीम ने आरोपी से काम रोकने को कहा तो वह उग्र हो गया। उसने गाली–गलौज शुरू कर दी। यही नहीं दरोगा का कॉलर भी पकड़ लिया। इस दौरान दूसरे पुलिस कर्मी ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी उससे भी भिड़ गया। उसने पुलिस टीम पर ईंट उठा ली।

आरोपी के ईंट उठा लेने के बाद पुलिस टीम बैकफुट पर आ गई। पुलिसकर्मियों ने आरोपी से ईंट नीचे रखने को कहा और बातचीत की कोशिश करने लगे। लेकिन आरोपी पूरी तरह उग्र था। उधर, वहां मौजूद कुछ महिलाएं भी पुलिस टीम पर पहले हाथ छोड़ने का आरोप लगाते हुए लगातार चिल्ला रहीं थीं। महिलाएं पुलिसवालों से बार–बार पूछ रही थीं कि हाथ कैसे छोड़ा। आरोपी, उसका परिवार और मौके पर मौजूद महिलाएं पुलिस टीम पर इस तरह हावी हुईं कि उन्हें महिला सिपाहियों को भी मौके पर बुलाना पड़ा। इसके बाद भी आरोपी और उसके परिवार के तेवर ढीले नहीं पड़े। ईंटों से हमले की धमकी के चलते पुलिस को पीछे हटना पड़ा। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में पांच के खिलाफ नामजद और छह अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मईल थानेदार ने मीडिया को बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अविमुक्तेश्वरानंद मामले में होगी निष्पक्ष जांच –राकेश सचान

**संवाददाता–बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और बलरामपुर के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने जिले का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सभी विभागाध्यक्षों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप न पाए जाने पर मंत्री सचान ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे




और इसमें लापरवाही गंभीर मानी जाएगी। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण और संवेदनशील प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रशासन को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। इस दौरान प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज यौन शोषण के एफआईआर से जुड़े सवाल पर मंत्री राकेश सचान ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या एफआईआर पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

मंत्री सचान ने आगे कहा– "यह योगी जी की सरकार है, यहां कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होती है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।"

# सपा कार्यालय में संत गाडगे जयंती मनाई गई




**संवाददाता–देवरिया।** शहर के बांस देवरिया स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के मुलायम सिंह यादव सभागार में सोमवार को संत गाडगे की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुक्तिनाथ यादव और पूर्व मंत्री शाकिर अली की पुण्यतिथि पर भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे, मुक्तिनाथ यादव और शाकिर अली के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि संत गाडगे ने अपना पूरा जीवन अवैज्ञानिक मान्यताओं, कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ संघर्ष में समर्पित किया। वे स्वच्छता के प्रबल समर्थक थे और कीर्तन के माध्यम से सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते थे। उनका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा करना था। व्यास यादव ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री शाकिर अली और पूर्व विधायक मुक्तिनाथ यादव ने अपने जीवन में शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाने, पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए परिवार को सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हृदयनारायण जायसवाल, मालवीय प्रसाद निर्मल, डॉ. रामनाथ चौहान, हंसनाथ यादव, अखिलेश कनौजिया, रंजना भारती, अजीत शर्मा, देशराज यादव, अर्जुन यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता हत्याकांड से नाराज वकीलों का प्रदर्शन

**संवाददाता–गोण्डा।** हाईकोर्ट अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं का आक्रोश जारी है आज सोमवार को हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय से गोंडा पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक मार्च निकाला और वहां घंटों तक धरना प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कर्नलगंज कोतवाल, हल्का इंचार्ज और थाने के पुलिसकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की मांग की है। गोंडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र चंद त्रिपाठी ने बताया कि अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा ने जमीन पर कब्जा लेने से पहले पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी लापरवाही के कारण यह हत्याकांड हुआ। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर थाने से छोड़ दिया। इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग भी की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 36 घंटे के भीतर आरोपियों और कर्नलगंज कोतवाल पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे दोबारा बैठक कर एक बड़े आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। प्रदर्शन को देखते हुए एसपी कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वकीलों से ज्ञापन लेकर के उनको आश्वासन दिया गया है कि आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है इसके साथ ही साथ यह भी आश्वासन दिया गया है। कि जो भी आप लोग पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच की मांग कर रहे हैं उनके खिलाफ भी जांच की जाएगी।

## सीडीओ ने मिहींपुरवा ब्लाक का निरीक्षण किया

**संवाददाता–बहराइच।** मिहीपुरवा विकास खंड मुख्यालय स्थित क्षेत्र पंचायत कार्यालय व पशु चिकित्सालय का निरीक्षण सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र द्वारा किया गया।

क्षेत्र पंचायत कार्यालय में बैठकर विकासखंड में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से मनरेगा द्वारा चल रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। पटल सहायक से उनसे कार्य की प्रगति की बारे में बातें की। विकास खंड मुख्यालय परिसर में साफ सफाई का निरीक्षण किया। सब सफाई पर संतोष जाहिर किया। सीडीओ ने पशु चिकित्सा अधिकारी जयप्रकाश वर्मा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार वर्मा के साथ पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

## शिक्षामित्रों ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

**संवाददाता–गोण्डा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के वेतन में वृद्धि, निशुल्क कैशलेस सुविधा और महिला शिक्षामित्रों को पति के निवास स्थान पर स्थानांतरण की घोषणा की गई है। इस घोषणा के बाद आज सोमवार को गोंडा में शिक्षामित्र संगठनों ने सांसदों और विधायकों से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया।

इस दौरान उन्होंने अपनी शेष समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र भी सौंपे है। सोमवार को गोंडा जिले में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा के नेतृत्व में हजारों शिक्षामित्रों ने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है।

उन्होंने कैसरगंज से बीजेपी सांसद करण भूषण सिंह पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह और गोंडा सदर से भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह से भेंट की। शिक्षामित्रों ने इन तीनों नेताओं को भगवान की प्रतिमाएं और मिठाई भेंट कर सरकार की घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने बताया कि इन जनप्रतिनिधियों ने ही उनकी समस्याओं को उठाया था, जिसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें ये सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने उनकी बात नहीं सुनी थी।

मिश्रा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों ने शिक्षामित्रों की शेष समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से बात करने का आश्वासन भी दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री तेजेंद्र कुमार शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, दीपचंद मिश्रा, शिव वर्धन सिंह, शिव कुमार जायसवाल, राकेश कुमार सिंह, श्रीवर्धन सिंह, रमाकांत, बृजभूषण यादव, दुःख हरण नाथ यादव, शैलेश सिंह और राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित थे।

## स्कूल रेडिनस के बारे में शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**संवाददाता–बहराइच।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में स्कूल रेडिनस फेस– 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डाइट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में नोडल संकुल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रदीप वर्मा तथा प्रवक्ता गोविंद किशोर ने किया। डायट प्राचार्य, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण में बाल वाटिका स्कूल रेडिनस क्या है इसके नियम तथा दैनिक साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में जिले के प्रत्येक न्याय पंचायत से एक – एक शिक्षक को नोडल बनाया गया है। जिनके साथ सुपरवाइजर को भी प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल अपने न्याय पंचायत के शिक्षक तथा कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## युवा, गरीब, शोषित व वंचितों को समर्पित है बजट –विधायक

**संवाददाता–श्रावस्ती।** भाजपा की ओर से मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की संसद में प्रस्तुत बजट को लेकर विधानसभा चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के क्रम में सोमवार को इकौना ब्लॉक सभागार में श्रावस्ती विधानसभा के चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डा मिश्रीलाल वर्मा मौजूद रहे। श्रावस्ती विधायक ने कहा कि युवा शक्ति संचालित बजट गरीब, शोषित व वंचित समुदायों पर विशेष ध्यान के सरकार के संकल्प पर जोर देता है। बजट में सरकार के तीन कर्तव्य निहित है। पहला कर्तव्य है कि उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाते हुए तथा उथल–पुथल भरी वैश्विक स्थिति के प्रति सहनीयता का निर्माण करके आर्थिक वृद्धि को तेज करना तथा इसे बनाए रखना। दूसरा कर्तव्य है कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनके क्षमता का निर्माण करनाय भारत की समृद्धि के मार्ग में उन्हें मजबूत भागीदार बनाना और तीसरा कर्तव्य सबका साथ–सबका विकास के विजन से जुड़ा है। यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र के पास संसाधनों, सुविधाओं तथा सार्थक भागीदारी के लिए अवसरों तक पहुंच की सुविधा हो। जिलाध्यक्ष ने कहाकि 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 350 से ज्यादा सुधारों की शुरूआत की गई है। इनमें जीएसटी सरलीकरण, श्रम संहिताओं की अधिसूचना, अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का युक्तिकरण शामिल है।

